



# न्यूज़ लेटर
# उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

UTTAR PRADESH POLICE RADIO

अप्रैल–2022

अन्दर के पृष्ठों पर........

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु संचार प्रबन्ध

विधानसभा चुनाव–2022 सात चरणों में क्रमशः दिनांक 10.02.2022, 14.02.2022, 20.02.2022, 23.02.2022 27.02.2022, 03.03.2022 एवं 07.03.2022 को तथा मतगणना दिनांक 10.03.2022 को सम्पन्न हुई। चुनाव हेतु संचार व्यवस्था स्थापित कराये जाने के उद्देश्य से निम्न कार्यवाहियाँ पूर्ण की गयीं–

- **उपलब्ध वायरलेस उपकरणों को क्रियाशील कराये जाने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग:**

  अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर एवं उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन द्वारा क्रमशः दिनांक 03.02.2022, दिनांक 17.01.2022 एवं दिनांक 22.11.2021 व 30.12.2021 को जनपदीय पुलिस रेडियो राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों को व्यापक निर्देश दिये गये।

- **परिक्षेत्रीय रिजर्व में उपलब्ध वायरलेस सेटों को कार्यशील दशा में बनाये रखना:**

  जनपदों के लगभग 1498 खराब उपकरणों को दिनांकः 15.11.2021 से 07.01.2022 तक रेडियो मुख्यालय पर लगभग रू0 20 लाख के स्पेयर्स व लगभग रू0 20 लाख की एसेसरीज क्रय कर केन्द्रीय कर्मशाला में मरम्मत कराया गया।

- **आवश्यक कार्यों हेतु अनुदान आवंटन:**

  जनपदों को छुद्र क्रय हेतु कार्यालय व्यय, लेखन सामग्री व अन्य व्यय हेतु क्रमशः रू0 1.30 लाख, रू0 01 लाख व रू0 05 लाख आवंटित किया गया।

- **विधान सभा चुनाव की तैयारी:**

| गतिविधि | चुनाव से पूर्व जनपदों में पर्यवेक्षक/कानून व्यवस्था/वीवीआईपी भ्रमण आदि हेतु संचार | जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक से चुनाव हेतु प्राप्त अतिरिक्त माँग |
|---|---|---|
| कृत कार्यवाही | रेंज रिजर्व के 1554 स्टैटिक/मोबाइल एवं 769 अदद हैण्ड–हेल्ड सेटों का आवंटन किया गया। | 19270 स्टैटिक/मोबाइल, 17387 अदद हैण्ड हेल्ड सेट व 1803 बैट्रियों की माँग प्राप्त हुई। सेट आगे अंकित विवरण के अनुसार व 1803 हैवी ड्युटी बैट्रियाँ उपलब्ध करायी गयीं। |

- अतिरिक्त संचार उपकरणों की व्यवस्था: अतिरिक्त सेटों की व्यवस्था निम्नानुसार की गयी–

| क्र. | वायरलेस सेट का स्त्रोत | वायरलेस सेट की संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | स्टैटिक/मोबाइल | हैण्ड हैल्ड |
| 1 | रेडियो मुख्यालय | 2336 | 998 |
| 2 | डीसीपीडब्ल्यू, नई दिल्ली | 1000 | 1800 |
| 3 | जयपुर, राजस्थान | 250 | 250 |
| 4 | पटना, बिहार | 250 | 400 |
| 5 | भोपाल, मध्य प्रदेश | 350 | 500 |
| 6 | पुणे, महाराष्ट्र | 500 | 100 |
| | योग | 4686 | 4048 |

- संचार उपकरणों व जनशक्ति का उपलब्ध कराया जाना: जनपदों से 19270 स्टैटिक/मोबाइल एवं 17387 हैण्ड हेल्ड की माँग के सापेक्ष 16652 स्टैटिक/मोबाइल एवं 11375 हैण्ड हेल्ड सेट उपलब्ध कराये गये, जो माँग के सापेक्ष लगभग 76 प्रतिशत एवं जनशक्ति की कुल माँग 1487 के सापेक्ष कुल 1155 रेडियो स्टाफ की ड्यूटी नाम से चरणवार लगायी गयी, जो माँग के सापेक्ष लगभग 78 प्रतिशत रही।

- प्रदेश के 11 जनपदों के कुल 256 शैडो एरिया में संचार व्यवस्था: जनपदों को निम्नवत 25 वाट वीएचएफ बैक पैक सेट उपलब्ध कराये गये–

| क्र. | जनपद | उपलब्ध कराये गये सेट्स की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मेरठ | 1 |
| 2 | ललितपुर | 23 |
| 3 | खीरी | 30 |
| 4 | पीलीभीत | 08 |
| 5 | बहराइच | 26 |
| 6 | श्रावस्ती | 17 |
| 7 | बलरामपुर | 07 |
| 8 | महराजगंज | 55 |
| 9 | सिद्धार्थनगर | 43 |
| 10 | चंदौली | 15 |
| 11 | सोनभद्र | 31 |

- उपकरणों का एकत्रीकरण व संचरण: डीसीपीडब्ल्यू, नई दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश से सेट क्रमशः गाज़ियाबाद, झाँसी, वाराणसी, मथुरा एवं आगरा से टीम भेज कर एकत्र कराये गये। प्रथम एवं द्वितीय चरण के जनपदों को सेट सीधे रेडियो मुख्यालय, लखनऊ से तथा प्रथम चरण के उपरान्त सेट क्रमशः तृतीय, पंचम व सप्तम चरण के जनपदों को डायवर्जन द्वारा उपलब्ध कराये गये। द्वितीय चरण के सेट क्रमशः चतुर्थ व छष्ठम चरण के जनपदों को डायवर्जन द्वारा उपलब्ध कराये गये।

- चरणवार सेट एवं स्टाफ का आवंटन:

| चरण | दिनांक | जनपदों की संख्या | जनपदों के नाम | आवंटित सेट | | आवंटित स्टाफ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | स्टै0/मोब0 | है0 हेल्ड | अराजपत्रित | राजपत्रित |
| प्रथम | 10.02.2022 | 11 | AGA, AIH, BPT, BHR, GBN, GZB, HPR, MTA, MRT, ZUF & SMI | 2548 | 1607 | 116 | 01 |
| द्वितीय | 14.02.2022 | 09 | AMH, BDN, BRY, BJR, MDD, RPR, SRR, SBL & SHA | 1888 | 1331 | 116 | 01 |
| तृतीय | 20.02.2022 | 16 | AUR, ETH, EWH, FGH, FRZ, HMR, HTS, JLN, JSI, KNJ, KNC/KNC-O, KND, KSJ, LTP, MBA & MPI | 3171 | 1711 | 209 | 02 |
| चतुर्थ | 23.02.2022 | 09 | BNA, FHR, HDI, KHI, LKW, CP/GRAMIN, PBT, RBI, STP & UAO | 2031 | 1400 | 145 | 04 |
| पंचम | 27.02.2022 | 11 | AYA, STR, BBK, AMT, GDA, BRH, SVI, PRJ, PBH, KSI & CKT | 2674 | 1747 | 188 | 05 |
| षष्ठम | 03.03.2022 | 10 | ABN, BLA, BLR, BSI, DOA, GKR, KSN, MRJ, KBN & SDR | 2338 | 1715 | 189 | 07 |
| सप्तम | 07.03.2022 | 09 | AZH, SRN, CDI, GZR, JNR, MAU, MZR, SBR & VNS | 2661 | 1864 | 192 | 06 |

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 प्रधान मंत्री, भारत सरकार | |
| 25.03.2022 | लखनऊ |
| 05.03.2022 | वाराणसी |
| 04.03.2022 | मीरजापुर |
| 03.03.2022 | वाराणसी, जौनपुर, चन्दौली |
| 02.03.2022 | सोनभद्र, गाजीपुर, वाराणसी |
| मा0 गृह मंत्री, भारत सरकार | |
| 04.03.2022 | गाजीपुर |
| मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 29.03.2022 | आगरा |
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 20, 19, 18, 17, 08, 09, 06.03.2022 | गोरखपुर |
| 05.03.2022 | आजमगढ़, सोनभद्र |
| 04.03.2022 | गाजीपुर |
| 03.03.2022 | जौनपुर, गाजीपुर |
| 02.03.2022 | मऊ, आजमगढ़ |

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में मार्च–2022 में 220 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश-निर्देश

- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्याः डीजी–तीन–निर्देश/2022 दिनांक 30.03.2022 द्वारा शासन के निर्देशों के अनुसार समय से कार्यालय में उपस्थित होने हेतु अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष (लखनऊ में नियुक्त), पुलिस विभाग, उ0प्र0 को निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, उ0प्र0 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः डीजी–तीन–निर्देश/2010 दिनांक 09.03.2022 द्वारा उ0प्र0 पुलिस के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण द्वारा ऋतु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, उ0प्र0 पुलिस वर्दी विनियम के प्राविधानों के अन्तर्गत दिनांक 15.03.2022 से ग्रीष्मकालीन वर्दी धारण किये जाने एवं रात्रि में समय आवश्यकतानुसार एवं स्थानीय मौसम की स्थिति के अनुसार शीतकालीन वर्दी धारण किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## पदोन्नति

- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–756/2021 दिनांक 16.03.2022 द्वारा निम्नलिखित 03 रेडियो उपनिरीक्षकों को रेडियो निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. प्रदीप मोहन, झांसी, 2. जय प्रकाश नारायण, बुलन्दशहर एवं 3. रवीन्द्र कुमार पटेल, हमीरपुर।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–755/2021 दिनांक 16.03.2022 द्वारा निम्नलिखित 30 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉंत्रिक) को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 1079/राजन लाल बाजपेई, कानपुर देहात, 2. 1455/राज कुमार पटेल, कौशाम्बी, 3. 733/अजय कुमार वर्मा, बाराबंकी, 4. 1638/रमेश कुमार, अम्बेडकरनगर, 5. 1497/अशोक कुमार, रामपुर, 6. 1506/कृष्ण कुमार मिश्र, अम्बेडकरनगर, 7. 1061/जग जीवन राम सरोज, मथुरा, 8. 1560/राजेश यादव, उन्नाव, 9. 1555/फैयाज़ अहमद अंसारी, मऊ, 10. 499/देवेन्द्र कुमार, गाज़ियाबाद, 11. 260/राजेन्द्र सिंह परमार, प्रयागराज, 12. 1650/विजय प्रताप यादव, रेडियो मुख्यालय, 13. 1721/नरेश कुमार वर्मा, मैट्रो कण्ट्रोल, लखनऊ, 14. 317/सुधीर कुमार आर्या, मुरादाबाद, 15. 1720/सुधीर कुमार, सहारनपुर, 16. 1513/राम पाल सिंह, कानपुर नगर, 17. 1243/रीतेश कुमार, रामपुर, 18. 1002/अखिलेश कुमार पाठक, रेडियो मुख्यालय, 19. 1348/ज्ञान चन्द्र भारती, वाराणसी, 20. 1736/कामता प्रसाद, महोबा, 21. 872/अनिल कुमार सिंह, हरदोई, 22. 1775/सुशील कुमार, 24वीं वाहिनी, मुरादाबाद, 23. 1324/राजेश श्रीवास्तव, रेडियो मुख्यालय, 24. 1891/सुरेश सिंह, वाराणसी, 25. 935/विनोद कुमार सोनी, झांसी, 26. 482/संतोष कुमार, वाराणसी, 27. 1004/पवन अवस्थी, कानपुर नगर, 28. 702/बलवीर सिंह, आगरा, 29. 1664/मेवा सिंह यादव, कौशाम्बी, एवं 30. 977/सुनील कुमार, झांसी।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से मार्च–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 07 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री प्रेम नारायण मिश्र, अम्बेडकर नगर, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव शंकर पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री श्रीश चन्द्र शुक्ला, अयोध्या, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री उमेश चन्द्र पाण्डेय, रेडियो मुख्यालय, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सत्य प्रकाश उपाध्याय, आगरा, 6. प्रधान परिचालक (यॉंत्रिक)/4654 श्री प्रेम नारायण राठौर, रेडियो मुख्यालय, एवं 7. कर्मशाला कर्मचारी, श्री दीप नारायण मिश्र, हरदोई।





## कोविड-19 सम्बन्धित कार्यवाहियाँ

- कोविड–19 संक्रमण से बचाव के उपायः पुलिस रेडियो कॉलोनी, महानगर, लखनऊ में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश नियंत्रित है। कॉलोनी के गेट पर ड्यूटी लगायी गयी है। मुख्यालय/कॉलोनी के प्रवेश द्वारों पर प्रवेशकर्ताओं की डिस्टेंट थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है। मुख्यालय पर जनपदों से सेट जमा/एकत्र/मरम्मत हेतु आने वाले वाहनों के सेनेटाइज़ेशन व चालकों की थर्मल स्केनिंग करायी जा रही है।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक दिनांक 07.12.2020 से आयोजित करायी जा रही हैं। दिनांक 21.03.2022 से 04 नये विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।
- दिनांक 21.03.2022 से प्रशिक्षण केन्द्र में 06 माह का मास्टर ट्रेंड हैण्ड कोर्स प्रारम्भ किया गया।

## श्रद्धांजलि



रे.उ.नि., ए.के. वर्मा



प्र.परि./5616, बिलाल हुसैन

- दिनांक 19.03.2022 एवं दिनांक 27.03.2022 को क्रमशः संकेत शाखा, रेडियो मुख्यालय में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, अशोक कुमार वर्मा एवं जनपद चित्रकूट में नियुक्त प्रधान परिचालक/5616, बिलाल हुसैन खान का असामयिक निधन हो गया है। उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक श्री अशोक कुमार वर्मा एवं श्री बिलाल हुसैन खान के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## अपने प्रदेश एवं अधिष्ठान के बारे में जानें (भाग-8)

### स्वतंत्रता के बाद उत्तर प्रदेश में पुलिस संचार का विकास

- पीएसी से चयन के उपरान्त गठित 'स्पेशल पुलिस फोर्स' के मुरादाबाद स्थित मुख्यालय से जोशीमठ, अस्कोट, हर्सिल, बारा होती, इत्यादि स्थानों से कम्पनी लेवल संचार के लिये एचएफ सेट प्रयोग किये गये। कालान्तर में एसपीएफ की बॉर्डर पेट्रोलिंग पार्टियों हेतु प्लाटून स्तर का संचार भी स्थापित कराया गया। यह संचार भारतीय सेना, जिसने एसपीएफ का ऑपरेशनल कन्ट्रोल किया, के संचार से भी बेहतर पाया गया। इस अद्वितीय संचार व्यवस्था के लिये भारत सरकार द्वारा श्री छत्र पति जोशी को तत्समय रु0 100.00 प्रतिमाह स्वीकृत किया गया जिसे बाद में बढ़ाकर रु0 300.00 किया गया।
- भारत सरकार द्वारा देश की सीमाओं की सुरक्षा हेतु स्थापित 'इण्डिया रिज़र्व बटालियन' हेतु संचार के साथ–साथ उ0प्र0 पीएसी की बटालियन्स की कश्मीर, असम, नेफा, नागालैण्ड, मणिपुर, त्रिपुरा एवं मिज़ोरम में तैनाती के दौरान भी लखनऊ से सीधे संचार की व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी।
- नेफा में चीन के हमले के व 1962 में चीनी सेना की वापसी के बाद अभिसूचना तंत्र व जिला प्रशासन की सुरक्षा व संचार की माँग पर बोमडीला में संचार व्यवस्था से सुसज्जित पीएसी बटालियन भेजी गयी तथा लखनऊ से सीधा संचार स्थापित कराया गया। सेला, खिन्जामने आदि स्थानों को भी लखनऊ से संचार द्वारा जोड़ा गया।
- सन् 1958 में हिमालय में 14,000 फीट की ऊँचाई पर तैनात "स्पेशल पुलिस फोर्स" हेतु संचार व्यवस्था उ0प्र0 पुलिस रेडियो द्वारा उपलब्ध करायी गयी।
- उ0प्र0 पुलिस रेडियो द्वारा उत्तर प्रदेश–नेपाल बार्डर पर भी संचार व्यवस्था की स्थापना की गयी है।
- सन् 1982 में विभाग ने पहला रिपीटर लैंसडाउन में स्थापित कराया।
- सन् 1986 से विभाग ने सम्पूर्ण प्रदेश में वीएचएफ रिपीटर्स का नेटवर्क स्थापित करना प्रारम्भ किया ताकि प्रदेश का कोई भी भाग ऐसा न रहे जहाँ से वीएचएफ वायरलेस सेट से सम्पर्क न होता हो।
- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो अपने स्थापना के लगभग 80 वर्षों से कुम्भ मेलों, माघ मेलों, जुलूस, कर्फ्यू, दस्यु उन्मूलन अभियान, वीवीआईपी/वीआईपी भ्रमण कार्यक्रम, चुनाव, रैलियाँ, एशियन गेम्स, नई दिल्ली सन्–1982 के दौरान उत्कृष्ट कोटि की संचार व्यवस्था कायम करता रहा है।
- एशियन गेम्स सन् 1982 के दौरान उत्कृष्ट संचार व्यवस्था, इलेक्ट्रानिक स्कोर बोर्ड तथा सी0सी0टी0वी0 सर्विलॉन्स की स्थापना व संचालन के लिए श्री छत्र पति जोशी को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री अलंकरण से विभूषित किया गया।
- सन् 1988 में एक महत्वपूर्ण रिपीटर सुरकन्डा देवी नामक स्थान पर 10,000 फीट की ऊँचाई पर, जो गढ़वाल, उत्तराखण्ड में स्थित है, स्थापित किया गया था। यह रिपीटर बरेली ज़ोन तथा मेरठ ज़ोन के समस्त जनपदों को भी संचार उपलब्ध कराता था। यह आज भी कार्य कर रहा है।
- उ0प्र0 पुलिस रेडियो द्वारा 16,000 फीट की ऊँचाई पर हिमालय की तलहटी में रत्ताकोटा नामक स्थान पर भी वायरलेस केन्द्र स्थापित किया गया।

भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष को हर्ष व गर्व पूर्वक मनाने तथा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के संगठनात्मक क्रमिक विकास व थाती से परिचित कराने हेतु शोध एवं अध्ययन के उपरान्त एक लेख श्रृंखला प्रस्तुत की जा रही है। यदि इस सम्बन्ध में किसी अधिकारी/कर्मचारी के पास कोई जानकारी साझा करने योग्य हो तो वह सीधे मुझे भेज सकते हैं।

–सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर

## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो जनपदीय स्टाफ द्वारा वर्ष 2021 में सम्पन्न कार्यों का संख्यात्मक विवरण

| क्र. | ज़ोन | प्रेषित/प्राप्त संचार सन्देश | | | | | | | | | | मरम्मत किये गये उपकरणों की संख्या | प्रोग्रामिंग किये गये उपकरणों की संख्या | एण्टीना अधिष्ठापन की संख्या | वीआईपी ड्यूटी | | अन्य विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एचएफ | | वीएचएफ | | क्यू–मेल | | रेडियो मेल | | पोलनेट | | | | | | | | |
| | | सन्देशों की संख्या | ग्रुप्स की संख्या | सन्देशों की संख्या | ग्रुप्स की संख्या | सन्देशों की संख्या | ग्रुप्स की संख्या | सन्देशों की संख्या | ग्रुप्स की संख्या | सन्देशों की संख्या | ग्रुप्स की संख्या | | | | ड्यूटी की संख्या | अधिष्ठापित अतिरिक्त उपकरणों की संख्या | सीसीटीवी अधिष्ठापन की संख्या | ड्रोन परिचालन |
| 1 | प्रयागराज | 20046 | 3977898 | 29738 | 8701975 | 15818 | 7701249 | 163196 | 49393594 | 18040 | 2998798 | 1099 | 636 | 172 | 96 | 702 | 50 | – |
| 2 | आगरा | 17644 | 3177015 | 51046 | 15642758 | 2616 | 503510 | 129653 | 42179441 | 23435 | 3783460 | 3848 | 36 | 406 | 106 | 666 | 344 | 10 |
| 3 | कानपुर | 20858 | 3180093 | 38410 | 15184914 | 8089 | 2125278 | 91508 | 34017674 | 37732 | 8050426 | 3840 | 982 | 583 | 61 | 1478 | 248 | – |
| 4 | मेरठ | 27729 | 4344550 | 80905 | 25105072 | 6158 | 688631 | 168119 | 19465869 | 31339 | 7827078 | 3586 | 93 | 257 | 72 | 676 | 40 | – |
| 5 | वाराणसी | 25188 | 3474681 | 58269 | 20939275 | 3410 | 506050 | 109807 | 35075517 | 9893 | 2350550 | 1817 | 352 | 343 | 141 | 3152 | 95 | – |
| 6 | बरेली | 18537 | 3451847 | 137754 | 113623497 | 6866 | 921646 | 116382 | 36710446 | 16460 | 3218480 | 2522 | 41 | 285 | 108 | 734 | 37 | – |
| 7 | लखनऊ | 34257 | 3589097 | 51347 | 19333393 | 12447 | 1117783 | 133900 | 43211105 | 17903 | 2110231 | 2166 | 66 | 221 | 129 | 728 | 137 | – |
| 8 | गोरखपुर | 22893 | 4480409 | 40284 | 16028109 | 7966 | 849758 | 165401 | 61598940 | 25083 | 3449596 | 1525 | 92 | 297 | 112 | 1210 | 67 | 29 |

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।